स्मैक सहित एक गिरफ्तार

करौली (नि.स.) जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम करौली एवं मीना मीणा वृत्ताधिकारी वृत कैलादेवी के सुपरविजन में थानाधिकारी कमलेश मीना उप निरीक्षक थाना मामचारी मय टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ स्मैक के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5 ग्राम 50 मिलीग्राम अवैध स्मैक बरामद की । थानाधिकारी कमलेश मीना उनि मय टीम विश्वेन्द्र सिंह कानि नं0 1123 व रामगोपाल कानि नं0 647 मय बोलरो सरकारी चालक लक्ष्मीनारायण कानि नं0 1189 के थाने से रवाना होकर थाना के गेट के सामने श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार नाकाबन्दी की गई दौरान नाकाबन्दी करौली कि तरफ आम सड़क पर एक व्यक्ति पैदल पैदल आ रहा है जो बाबर्दी पुलिस देखकर भागने लगा जिसको हमराही जाब्ता की मदद से पकडकर चैक किया तो उसके पास शुद्ध कुल वजन 05 ग्राम 50 मिलीग्राम स्मैक मिली प्लास्टिक की पॉलीथीन सहित कुल 05 ग्राम 93 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक मिली जिसको जप्त कर मुल्जिम शिवसिंह पुत्र रामदयाल जाति मीना 30 निवासी करसाई थाना मामचारी जिला करौली को गिरफ्तार किया गया।

'गृह राज्यमंत्री बेढम ने सांसद कोटे से नवनिर्मित कक्ष का किया उद्घाटन'

डीग (निस)। गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने सांसद निधि द्वारा शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धमारी में कक्ष एवं बरामदा निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इस दौरान धमारी के सरपंच सतीश कुमार गुर्जर मौजूद रहे।

गृह राज्य मंत्री ने बच्चों के लिए विधायक कोटे से ई-लाइब्रेरी के लिए 5 लाख की भी घोषणा की। मंत्री बेढम ने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे राजकीय विद्यालयों के कक्षों एवं अन्य सुविधाओं का समय-समय पर निरीक्षण करें तथा जहां भी सुविधाओं का अभाव है, उस संबंध में तुरंत कार्यवाही की जाए। शिक्षा अधिकारी सभी संस्था प्रधानों को इस संबंध में निर्देशित करें। साथ ही जहां भी शौचालयों की कमी है, उसके प्रस्ताव जिला परिषद को भिजवाएं ताकि वहां पर नए शौचालयों का निर्माण किया जा सके। सभी विद्यालयों में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने सहित राजकीय विद्यालयों में निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करवाने के निर्देश देते हुए मंत्री ने कहा कि समस्त कार्य गुणवत्तापूर्ण करवाये जाये। मिड-डे-मिल एवं दुग्ध योजनाओं का उल्लेख करते हुए श्री बेढम ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण छात्रों के परीक्षा परिणाम गुणवत्तापूर्ण है और उनके विद्यालयों में पंजीकरण की संख्या में भी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि शेष बचे हुए बच्चों को भी शिक्षा से जोड़ा जाये। नई पीढ़ी की शिक्षा के लिए क्षेत्र के भामाशाहों द्वारा किया जा रहा सहयोग संपूर्ण क्षेत्र के नागरिकों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं तथा वे गृह राज्य मंत्री के रूप में क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने सांसद निधि द्वारा शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धमारी में कक्ष एवं बरामदा निर्माण कार्य का उद्घाटन किया।

कवि सम्मेलन का आयोजन

भरतपुर (निस)। युवा लेखक एवं कवि सीएस कृष्णा द्वारा रचित उपन्यास रॉंग नंबर वाली लड़की एवं अनिल सुरेश मिश्र की पुस्तक यादों का कुसुमन पुस्तक पर साहित्यिक चर्चा एवं कवि सम्मलेन का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के जाने माने कवि एवं साहित्यकार उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रजलित कर हुई। कार्यक्रम द ठांड सी पी होटल मुखर्जी नगर में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर से पधारे प्रसिद्द कवि वेद प्रकाश शर्मा वेद ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में मुंबई के प्रसिद्द कवि अनिल सुरेश मिश्र, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ इन्दु प्रकाश सिंह पूर्व डीन कला संकाय, बृज विश्वविद्यालय भरतपुर, डॉ अशोक कुमार गुप्ता शोध निर्देशक हिन्दी, बृज विश्वविद्यालय भरतपुर, शायर राजीव दुबे नोयडा रहे, साथ ही मॉडरेटर संचालक की भूमिका में अभिनेता राजीव चौधरी रहे। कवि सम्मलेन में डॉ. अविनाश सोनी, कवि लोकेन्द्र सुमन, डॉ. कृष्ण कन्हैया, कवि श्याम सिंह जघीना, कवि अशोक धाकरे, कवि मनमोहन अभिलाषी, कवि हरिओम हरि, कवि ओमप्रकाश आजाद, कवि ओमप्रकाश कुंतल, कवि अमरसिंह विद्रोही, कवि राजेन्द्र अनुरागी, कवि देवेन्द्र देव, कवि अभिषेक अमर, कवि सीएस कृष्णा, सहयोगी पिन्टू सिंह उपस्थित रहे।

सार-समाचार

पशु पालन विभाग के कार्मिको की बैठक

श्री महावीर जी के पशु चिकित्सा अधिकारी कर्मचारियों की बैठक में पशु टीकाकरण पर चर्चा की।

हिंडौन सिटी । ब्लॉक वेटरनरी हेल्थ ऑफिस श्री महावीर जी में नोडल क्षेत्र श्री महावीर जी के पशु चिकित्सा अधिकारी कर्मचारियों की बैठक आज गुरुवार 22 नवम्बर को आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता पशुपालन विभाग करौली के संयुक्त निदेशक डॉ गंगा सहाय मीणा ने की। ब्लॉक वेटरनरी हेल्थ ऑफिस श्री महावीर जी के पशुधन प्रसार अधिकारी ललित शर्मा ने बताया कि बैठक के दौरान संयुक्त निदेशक डॉ मीणा ने क्षेत्र के सभी पशु चिकित्सा प्रभारीयो को टीकाकरण के शत प्रतिशत आंकड़े अविलंब ऑनलाइन करने के निर्देश दिए। बैठक में नोडल अधिकारी डॉ विजय सिंह मीणा ने एंटीबायोटिक के विषय में आईसीआर की गाइडलाइन को फॉलो करने की बात कही एवं यथासंभव एंटीबायोटिक के अंधाधुंध प्रयोग को रोकने की सलाह दी। बैठक में क्षेत्र के डॉ नरेंद्र हरसाना, अरुण कुमार भारद्वाज, महेश बेनीवाल, नरेश हरसाना, भूपेंद्र गुर्जर, फोसू राम जाटव, समय दास जाटव, रिंकू मीणा, ऋषि बाई जाटव, उर्वशी शर्मा, बच्चू सिंह जाटव नल सिंह मीणा, अशोक मीणा, इंदर सिंह बघेला सहित क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लिया।

बैंकिंग सर्विसेज के लिए साक्षात्कार

भरतपुर (निस)। रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय में महिला अध्ययन प्रकोष्ठ एवं करियर काउंसलिंग प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय की अकादमिक प्रभारी प्रोफेसर करुणा गौर की अध्यक्षता में छात्रों के लिए बैंकिंग सर्विसेज में चयन हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया गया। महिला अध्ययन प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रोफेसर निशा गोयल ने बताया की एनआईआईटी संस्था की ओर से सीनियर एग्जीक्यूटिव मोहम्मद सपाम ने बैंकिंग रिलेशनशिप के पद हेतु छात्राओं का साक्षात्कार लिया जिसमें महाविद्यालय के कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के स्नातकोत्तर कक्षाओं की 11 छात्राओं ने भाग लिया। सभी छात्राऐं अपने बायोडेटा के साथ साक्षात्कार में उपस्थित रहीं। सभी चयनित छात्राओं को बैंक की तरफ से नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य प्रो लाला शंकर गयावाल, जयराम, विनय खंडेलवाल, भारत भूषण, देवेंद्र गहलोत, अंशु गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

अभिविन्यास कार्यक्रम का समापन

भरतपुर (निस)। रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय भरतपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्त्वावधान में तीन दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम के समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत विनय खण्डेलवाल, सहायक आचार्य-समाजशास्त्र द्वारा राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी अंशु गुप्ता ने कौमी एकता सप्ताह के उपलक्ष्य में कमजोर वर्ग दिवस पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर रिचप्रोडक्शन, जोधपुर द्वारा यातायात संबंधित जागरूता एवं संवेदनशीलता जागृत करने के लिए निर्मित शिक्षाप्रद हेलमेट एवं शीट बेल्ट की शॉर्ट मूवीज को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम का संचालन निशांत सिंह चौहान ने एवं धन्यवाद ज्ञापन दीवान सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त संकाय सदस्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाएँ उपस्थित रहीं।

दो आरोपी गिरफ्तार

भरतपुर (निस)। रूदावल थाना पुलिस ने टॉप टेन का वांछित आरोपी वकील कुमार सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक अधीक्षक मृदुल कच्छावा के द्वारा वांछित आरोपियों के लिए धरपकड अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बयाना हरीराम कुमावत के निकट पर्यवेक्षण एवं सीओ रूपवास नीरज भारद्वाज के सुपरविजन में थाना अधिकारी नरेन्द्र सिंह मय जाप्ता के कार्यवाही करते हुए पिछले करीब सात महीने से फरार चल रहा वांछित टॉप टेन बदमाश वकील कुमार पुत्र केवल सिंह को रूदावल थाना पर दर्ज प्रकरण में गिरफ्तार किया। इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में पिछले एक माह से फरार चल रहा आरोपी छोटे लाल पुत्र भूप सिंह निवासी सामरी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है।

स्मैक सप्लाई का मुख्य सरगना गिरफ्तार

करौली । अवैध मादक पदार्थ स्मैक के सप्लायरो को स्मैक उपलब्ध कराने वाला मुख्य आरोपी मोहनलाल पुत्र श्रीराम जाति लोधा निवासी पडल्या थाना छीपाबडौद जिला बारां को पुलिस टीम थाना लांगरा द्वारा प्रोडक्शन वारंट पर जिला कारागृह करौली से गिरफ्तार किया i उक्त आरोपी स्मैक सप्लाई का मुख्य सरगना है, जो बारां ईलाके से अवैध मादक पदार्थ स्मैक एकत्रित कर सप्लाई देता है। थानाधिकारी ने बताया सप्लाई फोन पे द्वारा करता था रूपयों का लेन देन के तार जयपुर, भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाईमाधोपुर, गंगापुर सिटी के स्मैक तस्करो से तार जुडे हुए है। जिसको जिला काराग्रह से गिरफ्तार कर गहनता से पूछताछ कि जा रही है।

20 सूत्री कार्यक्रम की बैठक 25 को

करौली (नि.स.)। मुख्य आयोजना अधिकारी जिला परिषद करौली ने बताया है कि 25 नवम्बर को प्रात: 11:00 बजे से कलेक्ट्रट सभागार में जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक के साथ 20 सुत्री कार्यक्रम माह अक्टूबर की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को प्रगति रिपोर्ट के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिये है।

वैवाहिक परामर्श केन्द्र के शुभारंभ पर चर्चा

- 50 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं

भरतपुर (निस)। युवा अठावाल महासभा की एक मीटिंग का आयोजन नई मण्डी स्थित कार्यालय पर किया गया 24 नवम्बर से प्रारम्भ होने वाले वैश्य युवक युवती परिचय एवं वैवाहिक परामर्श केन्द्र के शुभारम्भ के विषय पर चर्चा हुई।

मीटिंग में अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल ने बताया कि इस कार्य में हमें सभी वर्गों से बहुत सहयोग मिल रहा है। लगभग 50 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। सभी रजिस्ट्रेशन निशुल्क किये जा रहे हैं। इसका संचालन स्वास्थ्य मंदिर के रणजीत नगर एवं महाराजसर स्थित दोनों कार्यालयों में निरंतर किया जावेगा। जिसमें कि अनुभवी काउंसलरों द्वारा प्रत्येक दिन एक दूसरे का परिचय कराकर शादी संबंध बनाने एवं पारिवारिक मतभेद होने पर दोनों को काउंसलरों द्वारा समझाइस कर मतभेद दूर करने का प्रयासव किया जावेगा जोकि आज समाज की एक बडी समस्या है। इस पर भी चर्चा हुई कि समाज के ज्यादा से ज्यादा लोग इसका फायदा ले सकें। कोषाध्यक्ष राकेश मित्तल ने बताया कि युवा महासभा एवं स्वास्थ्य मंदिर के सभी सदस्य 24 नवम्बर रविवार को प्रात: 9 बजे वहां मौजूद रहेंगे। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सुभाष गर्ग, विशिष्ट अतिथि महासभा के जिलाध्यक्ष अतुल मित्तल एवं समस्त इकाईयों के अध्यक्ष, महामंत्री इत्यादि मौजूद रहेंगे।

बेसिक लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण

भरतपुर (निस)। लायन्स क्लब भरतपुर रॉयल द्वारा मेदान्ता मेडिसिटी के सहयोग से बेसिक लाईफ सपोर्ट का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रोठाम कॉर्डिनेटर लायन ज्योति आर्य ने बताया कि सड़क हादसों में घायल हुए तथा अचानक दिल का दोड़ा पड़ने पर लोगो को प्राथमिक सहायता देने के उद्देश्य से बीएलएस ट्रेनिग अति महत्वपूर्ण है क्लब संरक्षक लायन विनोद सिंघल ने बताया कि सड़क पर घायल पड़े व्यक्ति को कभी भी नजरअंदाज न करें उसे तुरन्त बीएलएस तथा प्राथमिक उपचार अवश्य दें और एम्बुलेंस बुलाकर तुरन्त अस्पताल पहुंचायें। मेदान्ता मेडिसिटी के बीएलएस प्रशिक्षक शेंकी डागुर ने डमी पर श्वांस लेने की विधि चेस्ट पर दबाव आदि का डेमोस्ट्रिशन दिया।

'इंसुलिन शरीर में ब्लड सुगर लेवल को नियंत्रित करता है'

- 'भूखे पेट 126 खाना खाने के बाद 200 मि.ग्रा. प्रति डीएल से अधिक डायबिटीज की संभावना मानी जाती है

भुसावर भरतपुर (निस)। डायबिटीज आधुनिक युग की बीमारी है, इसे सुगर और मधुमेह नाम से भी जाना जाता है। कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ उदय भान सिंह ने बताया कि डायबिटीज लंबे समय तक चलने वाली मेटाबालिक कंडीशन है।

यह ब्लड सुगरमें बढ़ते हुए लेबल से पहचाना जाता है। ये स्थिति तब होती है जब शरीर पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन का उत्पादन करने में नाकाम होता है। इंसुलिन एक हार्मोन है जिसका उत्पादन पेनक्रियाज करता है। इंसुलिन शरीर में ब्लड सुगर लेवल को नियंत्रित करता है और कोशिकाओं की मद्द से ग्लूकोज को एनर्जी में परिवर्तित करता है। जब ये प्रक्रिया ठीक से काम नही कर पाती है तो ग्लूकोज खून में जमा होने लगता है और शरीर मे कई तरह की परेशानियां पैदा होने लगती है। डॉ उदय भान सिंह ने बताया कि डायबिटीज फैमिली हिस्ट्री, 40 साल से अधिक उम्र, मोटापा, शारीरिक श्रम की कमी तथा गलत भोजन आदि के कारण हो सकता है। इसके प्रमुख लक्षणों मे बार-बार पेशाब आना, ज्यादा प्यास लगना, ज्यादा भूख लगना, वजन कम होना, नजर धुंधली होना, थकान महसूस होना, चोट लगने पर जख्म जल्दी ठीक न होना, इंफेक्शन होना, हाथ-पैरों में झुनझुनाहट और सुन्नाहट होना, कई जगह पर त्वचा का गहरा काला होना प्रमुख हैं। डायबिटीज जॉच में ब्लड ग्लूकोज का स्तर पता करने के कई तरह के टेस्ट किये जाते हैं। भूखे पेट 126 तथा खाना खाने के बाद 200 मि.ठा. प्रति डीएल से अधिक डायबिटीज की संभावना मानी जाती है। डॉ उदय भान सिंह ने कहा कि डायबिटीज के नियंत्रण के लिए साबुत अनाज, लीन प्रोटीन, हेल्दी फूड के साथ-साथ भोजन मे फल व सब्जियां शामिल करें।

बाल संरक्षण सप्ताह के अन्तर्गत जिला स्तरीय कार्य योजना को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न

करौली (नि.स.) जिला प्रशासन, बाल अधिकारिता विभाग एवं एक्शनएड यूनिसेफ करौली के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर देवनारायण बालिका छात्रावास करौली में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय कार्य योजना को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

जिला बाल संरक्षण इकाई सहायक निदेशक रिंकी किराड़ ने बताया है कि बैठक में बाल संरक्षण सप्ताह का समापन किया गया। बैठक में यूनिसेफ संजय निराला चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट एवं एक्शनएड से सिओन किंगोरी रिजलन मैनेजर एवं रिंकी किराड़ सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग, शरद त्रिपाठी जिला युवा अधिकारी, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा, फजले अहमद सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लियाबैठक में यूनिसेफ एक्शन एड जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि जिले में बाल विवाह, बाल श्रम मुक्त अभियान को लेकर आमजन के साथ सरकारी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित बाल विवाह प्रतिषेध कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें को बाल विवाह अधिनियम के प्रावधान दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराते हुए बाल श्रम की रोकथाम, बाल तस्करी, बाल शोषण, भिक्षावृति की रोकथाम को लेकर किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी साथ ही बाल संरक्षण को प्रभावी बनाने के जिला स्तरीय कार्य प्लान बनाकर क्रियान्वयन के संबंध में प्रस्तुतिकरण दिया गया। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि जिलें में लगातार यूनिसेफ एक्शनएड द्वारा बाल अधिकार संरक्षण को लेकर कार्य किया जा रहा है। लेकिन अभी भी जिलें में अभी ओर कार्य किये जाने की आवश्यकता है। सदस्य फजले अहमद ने बाल अधिकारों को लेकर प्रकाश डाला, श्रम निरीक्षक माधव गोस्वामी द्वारा जिलें में बाल श्रम की रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान के संबंध में जानकारी दी गई। मानव तस्करी विरोधी यूनिट के रवि कुमार ने बताया है कि भिक्षावृति की रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पीसीपीएनडीटी सेल प्रभारी ने भी अपने अनुभव शेयर किये, महिला अधिकारिता विभाग के सीमा ने बताया है कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत की जा रही गतिविधियों के बारे में बताया। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी ने बताया कि जिले में नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक द्वारा यूनिसेफ एक्शन एड के साथ मिलकर बाल विवाह एवं बाल श्रम अभियान मुक्त अभियान के तहत सभी गांव एवं बस्तियों में जन जागरूकता बैठके शिविर आदि का आयोजन कर आम जनों को इसकी रोकथाम के संबंध में प्रेषित कर रहे हैं, जिले में अभी भी बाल श्रम एवं बाल विवाह समाप्त नहीं हुआ है ऐसे में सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ इस पर और अधिक मेहनत करके इस कार्य को आगे बढ़ाया जाना आवश्यक है।

कुश्ती प्रतियोगिता में एम.एस.जे. कॉलेज विजेता

भरतपुर (निस)। महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय भरतपुर के तत्वाधान में अन्तर महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 21 नवम्बर को राजकीय महाविद्यालय, डीग द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में एमएसजे कॉलेज, भरतपुर के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के महिला वर्ग की 50 किलोठाम कैटेगरी के फ्रीस्टाइल कुश्ती में गोल्ड मेडल हितेन कुमारी ने जीता। पुरुष वर्ग के ठीकों रोमन कुश्ती के 55 किलोठाम वर्ग में दीपक सिंह गुर्जर ने गोल्ड मेडल तथा नरेंद्र 63 किलोठाम वर्ग में सिल्वर मेडल, फ्रीस्टाइल कुश्ती के 79 किलोठाम वर्ग में सिल्वर मेडल सौरभ ने तथा 72 किलोठाम वर्ग कुश्ती में हेमंत कुमार ने कांस्य पदक प्राप्त किया है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो डॉ. हरबीर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही खेल प्रभारी प्रो मगन प्रसाद ने विद्यार्थियों तथा टीम मैनेजर डॉ धर्मवीर गुर्जर को बधाई प्रेषित की।

प्रदूषण के मद्देनजर 6 स्टोन क्रशर सीज

डीग (निस)। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग दिल्ली द्वारा संपूर्ण एनसीआर क्षेत्र में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोप स्टेज-4 लागू किया जा चुका है। ठोप-3 तथा ठोप-4 की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा लगातार विभिन्न औद्योगिक इकाइयों, खनन इकाइयों, धूल कण उत्पादित करने वाली गतिविधियों, निर्माण एवं विध्वंसकारी गतिविधियों के औचक निरीक्षण किया जा रहे हैं।

जिला कलेक्टर डीग उत्सव कौशल के दिशा निर्देशन अनुसार समय-समय पर विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर संयुक्त कार्रवाई भी की जा रही है। इस क्रम में 20 नवंबर 2024 बुधवार को राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल भरतपुर तथा खान एवं भू विज्ञान विभाग भरतपुर के संयुक्त रूप से उमेश सिंह व खेतान प्रकाश के निर्देशन में पहाड़ी तहसील में स्थित विभिन्न स्टोन क्रशर इकाईयों तथा खनन इकाइयों का औचक निरीक्षण किया गया। अब तक डीग जिले में कुल 6 स्टोन क्रशर इकाईयों के संचालित पाए जाने पर बंद करवाने की कार्रवाई राज्य मंडल द्वारा की गई है तथा चार डीजी सेट को सील किया जा चुका है। खनन विभाग तथा संबंधित विभागों को अठिाम नियम अनुसार कार्रवाई के लिए राजस्थान राज्य प्रदूषण मंडल भरतपुर को लिखा जा रहा है।

मैसर्स अशोक क्रशिंग कंपनी, निकट ठाम नांगल, तहसील पहाड़ी जिला डीग, मैसर्स बाबा लाल दास एंड कंपनी, निकट ठाम नगला शहजादपुर, तहसील पहाड़ी, जिला डीग, मैसर्स संगम स्टोन क्रेशर, निकट ठाम नांगल, तहसील पहाड़ी, जिला डीग, मैसर्स नंद बाबा ठिाट उद्योग, निकट ठाम डाबक, तहसील सीकरी, जिला डीग, मैसर्स समर इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड, निकट ठाम छपरा, तहसील पहाड़ी, जिला डीग, मैसर्स गिर्राज धरण स्टोन क्रेशर, निकट ठाम गंगोरा, तहसील पहाड़ी, जिला डीग का निरीक्षण किया गया।

उद्यिमयों ने डीग में जिला प्रशासन के सहयोग को बताया लाभदायक'

डीग (निस)। जिला कलेक्टर डीग उत्सव कौशल द्वारा शुक्रवार को को आयोजित जिला स्तरीय इन्वेस्टमेंट मीट के दौरान हस्ताक्षर किए गए 16 एमओयू प्रकरण की मॉनिटरिंग बैठक पंचायत समिति सभागार डीग में आयोजित की गई।

बैठक में रीको के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई की 16 एमओयू के अतिरिक्त 31 ओर एमओयू साइन किए जा चुके है। उन्होंने बताया कि अब डीग जिले में एमओयू की संख्या 16 से बढ़कर 47 हो गई है। शुरुआती 16 एमओयू से लगभग 435 लोगों को रोजगार देना प्रस्तावित था। ऐसे में एमओयू की संख्या लगभग तीन गुना बढ़ने से रोजगार के अवसर बढ़ने की भी उम्मीद है। समस्त एमओयू प्रकरणों की मॉनिटरिंग राजनिवेश पोर्टल के माध्यम से की जा रही है जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रकरणों की नियमित अपडेशन की जानी है। 50 करोड रुपए से कम निवेश वाले प्रकरणों की मॉनिटरिंग जिला स्तर से एवं 50 करोड रुपए से अधिक निवेश वाले प्रकरणों की मॉनिटरिंग राज्य स्तर पर वीआईपी के माध्यम से की जा रही हैं। जिला कलेक्टर ने फर्म्स के साथ किए गए सभी एमओयू पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसी भी उद्यमी को जिले में निवेश करने के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या आ रही है तो वे निसंकोच बताए। जिस पर उद्यिमयों ने डीग जिले में जिला कलेक्टर कौशल के नेतृत्व में जिला प्रशासन के सहयोग को उनकी कंपनी के लिए लाभदायक बताया। इस दौरान निवेश के लिए डीग की कानून व्यवस्था की भी तारीफ की गई। कलेक्टर ने सभी कंपनी को आश्वासन दिया है कि प्रशासन द्वारा एमओयू के शत प्रतिशत क्रियान्वयन के लिए हर संभव मदद की जाएगी। जिन विभागों द्वारा अभी तक उनके विभाग से संबंधित निवेशक से बात नहीं की गई है उन निवेशकों को निवेश के लिए उत्साहित करने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि 100 करोड़ की लागत से ठाम कलावटा कामां में पोल्ट्री फीड उत्पादन के लिए भूमि चिन्हित की जा चुकी और निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इसी प्रकार डीग में वेयरहाउस और जनुथर रोड कुम्हेर में फ्लोर मिल के लिए भी निर्माण कार्य प्रगति पर है। अंगरावली कामां में रिसॉर्ट, बासबुर्जा नगर और डाबक सीकरी में स्टोन क्रशर, पहाड़ी के छपरा एवं खेड़ली में स्टोन क्रशर, होटल एंड रिसॉर्ट गोवर्धन रोड डीग, पहाड़ी में रेलवे ट्रैक मैन्युफैक्चरिंग, कामां में वेयरहाउस, डीग में श्रेणीबद्ध जैविक फूड उत्पादन, पहाड़ी में मशरूम उत्पादन एवं प्रसंस्करण यूनिट, नगर वेयरहाउस आदि उपलब्ध हो चुकी है।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी

भरतपुर (निस)। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ठामीण हाट कम्पनी बाग में संभाग स्तरीय अमृता हाट का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 22 नवम्बर को दोपहर 12 बजे दीपक शर्मा जिला कार्यक्रम अधिकारी, सुनील शुक्ला मास्टर ट्रेनर, आरएसडीसी के द्वारा हाट में आए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कौशल प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें ऑनलाइन प्लेटफार्म पर मार्केटिंग के बारे में भी जानारी प्रदान की गई। इसके साथ शाम 6 बजे से जय श्री कृष्णा म्युजिकल ठ्रुप मथुरा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें अंतर्गत बृज वंदना चारों धाम से निराला, बृजधाम, आंख मिचौली, कान्हा बरसाने में आ जईयो, राधा का रूठना मटकना, डांडिया नृत्य, मयूर नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। जिसका दर्शकों ने भरपूर आनन्द लिया।

अभिनन्दन किया

भरतपुर (निस)। विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक सुशील ओझा के जयपुर से मथुरा जाते हुए भरतपुर विफा के पदाधिकारीयों ने श्री बाँके बिहारी जी की तस्वीर भेट कर एवं अंगवस्त्र ओढाकर स्वागत अभिनंदन किया, साथ ही सुशील ओझा ने विप्र फाउंडेशन के द्वारा लगवाई गयी भरतपुर शहर की पहली भगवान परशुराम जी की मूर्ति के दर्शन किये।

गरीबों को कंबल वितरण किया

करौली में मां अन्नपूर्णा निशुल्क भोजशाला में गरीब लोगों को कंबल वितरण किए गये।

करौली (नि.स.)।करौली शहर की नई सब्जी मंडी के पीछे संचालित मां अन्नपूर्णा निशुल्क भोजन शाला में गरीब लोगों को गर्म कंबलों का वितरण किया गया।

करौली अस्पताल रोड स्थित नई सब्जी मंडी के पीछे विगत कई वर्षों से निशुल्क भोजन शाला का संचालन किया जा रहा है। मां अन्नपूर्णा निशुल्क भोजन शाला के संचालक मंडल पदाधिकारी टीकाराम मीणा गैस वाले एवं बाला साहब ने बताया कि इन दिनो सर्दी का एहसास होने लगा है और भोजन शाला में आने वाले गरीब परिवारों के लोग और साधु संत ठंड से कुकर ते नजर आ रहे हैं जिनको देखते हुए भोजन शाला समिति कि ओर से निरक्षित, असाहय विधवा, वृद्ध लोगों को कंबलों का वितरण किया गया इस दौरान प्रमुख समाज सेवी बबलू शुक्ला, सेवानिवृत्त चिकित्सक प्रकाश व्यास, राजेश गुप्ता आदि सदस्य उपस्थित रहे।

पश्चिम मध्य रेल

सिविल इंजीनियरिंग – ई-निविदा सूचना

संख्या– डब्ल्यू/623/15 दिनांक:– 22.11.2024

भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है। **टेण्डर संख्या– 184/2024, कार्य का विवरण–** ईएलएस/टीकेड़ी – एक्सटेंशन ऑफ इन इलेक्ट्रिक लोको शेड तुगलकाबाद, **अनुमानित लागत– 7199535.44, बयाना राशि– 144000.00, टेण्डर संख्या– 185/2024, कार्य का विवरण–** प्रोविजन ऑफ 4 यूनिट टाइप-2 क्वार्टरस एट गंगापुर सिटी स्टेशन ऑन रिपलेसमेंट अकांउट, **अनुमानित लागत– 6566519.68, बयाना राशि– 131300.00, टेण्डर संख्या– 186/2024, कार्य का विवरण–** कोटा चित्तौड़ सेक्शन: क्लीनिंग ऑफ मेनहोल, इन्सपेंक्शन चेम्बर्स, एसडब्ल्यू पाइप लाइनस एंड सौक पिट इन एड़ीईएन/सेन्ट्रल/कोटा सेक्शन फोर टू ईयर, **अनुमानित लागत– 2641429.52, बयाना राशि– 52800.00, टेण्डर संख्या– 187/2024, कार्य का विवरण–** प्रोविजन ऑफ 6 यूनिट टाइप-2 क्वार्टस एट रणथंभौर स्टेशन ऑन रिपलेसमेंट अकांउट, **अनुमानित लागत– 10018536.24, बयाना राशि– 200100.00, टेण्डर संख्या– 188/2024आर, कार्य का विवरण–** कोटा: कम्प्युटराईज प्रिटिंग ऑफ डाकूमेन्टस फॉर वर्कस ब्रांच, **अनुमानित लागत– 495738.77, बयाना राशि– 9900.00, टेण्डर संख्या– 189/2024, कार्य का विवरण–** कोटा डिविजन: प्रोविजन ऑफ दिव्यांगजन फेसिलिटिज एट स्टेशन अंडर जूरिसडिक्शन ऑफ सीनियर डीईएन/नार्थ एंड डीईएन/सेन्ट्रल, **अनुमानित लागत– 8785176.76, बयाना राशि– 175700.00, टेण्डर संख्या– 190/2024, कार्य का विवरण–** कोटा डिविजन: प्रोविजन ऑफ दिव्यां